आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 19.08.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा –आयुर्वेद का ज्ञान बाल चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा को नए आयाम प्रदान कर सकता है।
- टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निकोबार जिले में टीबी की जांच की गई।
- कजाकिस्तान में 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में कल पहले दिन भारत ने दो स्वर्ण और तीन रजत पदक जीते।
- द्वीपसमूह में एकाध स्थानों पर तेज़ हवा और गरज के साथ वर्षा होने की संभावना।

<><><><><><><>

आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा है कि आयुर्वेद का ज्ञान बाल चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा को नए आयाम प्रदान कर सकता है। कल नई दिल्ली में आयुर्वेद के माध्यम से बाल चिकित्सा में रोग प्रबंधन और आरोग्यता पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में अपने संदेश में श्री जाधव ने कहा कि आयुर्वेद ने हमेशा बाल स्वास्थ्य को समृद्ध समाज की आधारशिला माना है। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों ने इस बात पर ज़ोर दिया कि समय–परीक्षित प्रथाओं को आधुनिक वैज्ञानिक प्रमाणों के साथ एकीकृत करने से न केवल निवारक बाल स्वास्थ्य सेवा में बल्कि उभरती स्वास्थ्य चुनौतियों का समग्र रूप से समाधान करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि संगोष्ठी के दौरान विचार–विमर्श चिकित्सकों, शोधकर्ताओं तथा विद्यार्थियों को समृद्ध करेगा और आयुर्वेद के माध्यम से बाल चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा को आगे बढ़ाएगा।

<><><><><><><>

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निकोबार जिले में कमजोर मरीजों में टीबी की जांच की गई। इस पहल का उद्देश्य दूरस्थ द्वीपों में तपेदिक का शीघ्र पता लगाने और उपचार को मजबूत करना था। ननकौड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा अधिकारी डॉ. एम.ए. तंज़ीर और डॉ. प्रियंका सैमुअल ने अपनी चिकित्सा टीम के साथ हाल ही में चौरा द्वीप पर सक्रिय मामलों की खोज की। इस दौरान द्वीप के कुल 421 व्यक्तियों की जांच की गई और टीबी परीक्षण के लिए 45 सीबीएनएएटी नमूने एकत्र किए गए। स्क्रीनिंग के साथ–साथ, लोगों को टीबी की रोकथाम और उपचार के महत्व जानकारी प्रदान करने के लिए जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। चौरा स्थित स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर

का भी आयोजन किया गया। शिविर के दौरान, नवीनतम दवाएँ वितरित की गईं। यह अभियान जिला उपायुक्त अमित काले के निर्देशन और जिला टीबी अधिकारी डॉ. अनवर मूसा, की देखरेख में चलाया गया।

<><><><><><><>

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जे. पी. नड्डा ने कहा है कि भारत में सेमीकंडक्टर उद्योग की प्रगति का सपना वास्तविकता में बदल रहा है। उन्होंने कहा कि देश का सेमीकंडक्टर उद्योग एक बड़ी छलांग लगाने के लिए तैयार है। श्री नड्डा ने कहा कि 2030 तक इसके एक सौ से, एक सौ दस अरब अमरीकी डॉलर तक पचहुंने का अनुमान है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री नड्डा ने कहा कि सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिज़ाइन तथा मैन्युफैक्चरिंग, इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन और सेमीकंडक्टर इंडिया प्रोग्राम जैसी कई पहल शुरू की हैं, जिनका उद्देश्य उद्योग को सहयोग देने के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और डिज़ाइन के वैश्विक केंद्र के रूप में उभर रहा है। श्री नड्डा ने विश्वास व्यक्त किया कि वह दिन दूर नहीं जब भारत वैश्विक सेमीकंडक्टर बाजार पर अपना दबदबा कायम करेगा।

<><><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग की ओर से हाल ही में दक्षिण अंडमान में दो पशु चिकित्सा बांझपन शिविर आयोजित किए गए। इसका उद्देश्य पशुधन में प्रजनन स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान करना और कृषि उत्पादकता में बढ़ोत्तरी करना है। कालीकट और आरजीटी रोड पर आयोजित इन शिविरों में किसानों को पशुपालन प्रणाली पर जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर पशु चिकित्सा टीमों ने पशुओं का निरीक्षण भी किया। पशु चिकित्सों ने किसानों को ओस्ट्रस चक्र के बारे में बताते हुए गर्भाधान तकनीकों पर जानकारी दी।

<><><><><><><>

कजाकिस्तान में 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप के पहले दिन कल भारत ने दो स्वर्ण और तीन रजत पदक जीते। 17 वर्षीय गिरीश गुप्ता ने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। फाइनल में गिरीश ने 241 दशमलव 3 अंक हासिल किए जबकि भारत के ही 14 वर्षीय देव प्रताप ने 238 दशमलव 6 अंकों के साथ रजत पदक अपने नाम किया।

<><><><><><><>

निकोबार जिला प्रशासन की ओर से आईटीडीपी के माध्यम से उप–जनजातीय परिषद, हरमिंदर बे के लिए एक शव वाहन उपलब्ध कराया गया। मुख्य सचिव के अप्रैल में हरमिंदर बे के दौरे के दौरान जिला प्रशासन को इस संबंध में तुरंत आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था। जिला प्रशासन द्वारा सचिव, उप–जनजातीय परिषद, हरमिंदर खाड़ी को शव वाहन औपचारिक रूप से सौंप दिया गया। इस वाहन की उपलब्धता से जनजातीय समुदाय को समय पर परिवहन सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। आईटीडीपी द्वारा कच्छाल और चौरा के लिए दो और शवगृह वैन खरीदी गई हैं और संबंधित जनजातीय परिषदों को सौंपने के लिए कामोर्टा में परिवहन के लिए उपलब्ध हैं। जिला प्रशासन स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर काम करता रहेगा, ताकि लोगों की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में एकाध स्थानों पर तेज़ हवा और गरज के साथ वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान हवा की गति 35 से 45 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी, जो बढ़कर 55 किमी प्रति घंटे तक हो सकती है। इसके चलते समुद्र अशांत रहेगा। मछुआरों को अगले 24 घंटों के दौरान समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों की प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं कल से शुरू होंगी। विद्यार्थियों को सुबह 9 बजे संबंधित विभाग में उपस्थित होने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में रिक्त पड़े अट्ठारह सीटों पर प्रवेश के लिए परामर्श कल सुबह 9.30 बजे कॉलेज के सभागार में आयोजित की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवारों से निर्धारित तिथि और समय पर अपने मूल दस्तावेजों के साथ परामर्श में उपस्थित होने को कहा गया है।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों की रिक्त सीटों के लिए दूसरे चरण का परामर्श 25 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। विभिन्न आरक्षित श्रेणियों के उम्मीदवारों को अलग से तैयार की गई श्रेणीवार अंतिम वरीयता सूची के अनुसार आवश्यक दस्तावेजों के साथ परामर्श में भाग लेना होगा। परामर्श सुबह 8.30 बजे रखा गया है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन अतिक्रमण के खिलाफ अपने ज़ीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए टेलराबाद गाँव में सड़क किनारे सरकारी राजस्व भूमि को अनधिकृत अतिक्रमण से मुक्त कराया। इस अभियान का नेतृत्व राजस्व विभाग ने पुलिस विभाग और अंडमान लोक निर्माण विभाग के समन्वय और सहयोग से किया। अभियान के दौरान, जोड़ा–कलान क्षेत्र के पास हाल ही में कुल 8 अनधिकृत संरचनाओं को हटाया गया। जिला प्रशासन ने आम जनता से इस तरह की अवैध गतिविधियों से दूर रहने की अपील की है।

**<><><><><><><>**

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने सुर्खी दी है– अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह लक्जरी यात्रा और सतत आर्थिक विस्तार के लिए एक प्रमुख गंतव्य बनने की ओर अग्रसर। इसके अलावा अखबार ने महिलाओं के सशक्तिकरण और कौशल विकास के लिए सार्थिनी योजना की पहल करने और द्वीपसमूह में कच्चे तेल और हाइड्रोकार्बन भंडारों का पता लगाने के सरकार के उपायों के समाचार को भी प्रमुखता से छापा है। द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने चाथम जेट्टी के स्थान पर जंगलीघाट जेट्टी को गणेश प्रतिमा विसर्जित करने के लिए चिन्हित करने के समाचार को अपना हेडलाइन बनाया है। वन विभाग की ओर से कदमतला गांव के नाले से तीन मीटर लम्बे मगरमच्छ को बचाव के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने, जबकि राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल से फ्लैग प्वाइंट तक एचआईवी एड्स पर जागरूकता मैराथन आयोजित करने के समाचार को इंफो इंडिया ने अपने अखबार में जगह दी है।

**<><><><><><><>**